## सार-समाचार

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में सर्दी के इस मौसम में कोई ना ठिठुरे अभियान के अंतर्गत कंबल वितरण अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में स्व. मोहनलाल टीबड़ेवाल एवं स्व. रामदेई टीबड़ेवालकी पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र विश्वनाथ, रामगोपाल एवं सज्जन कुमार टीबड़ेवाल सुपौत्र पवन कुमार एवं शंकरलाल टीबडेवाल के सौजन्य से गाडिया टाउन हाल के सामने मोदी रोड स्थित टीबडेबाल सदन में मंगलवार को वहां के आसपास की एरिया के जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री प्रदीप पाटोदिया, भामाशाह परिवार के विश्वनाथ टीबड़ेवाल, रामगोपाल टीबड़ेवाल एवं संतोष टीबडेवाल उपस्थित थे। जिनका श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई एवं सुनिल तुलस्यान ने साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर रतनलाल टीबडा, किशोरीलाल टीबडा, ताराचंद गुप्ता भोडकीवाला, एडवोकेट नरेश परसरामपुरिया, सांवरमल जांगिड, दुर्गादत्त तुलस्यान, श्यामसुंदर गुढ़ावाला, मनोज तुलस्यान, अंकित चुडैलावाला, अजय माखरिया, प्रदीप खेतान, पुरुषोत्तम चुडैलेवाला, अविनाश शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, ओमप्रकाश टीबडा, पवन सिंघल सहित अन्य गणमान्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

### पिलानी में नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। बुधवार को सुबह 11:30 बजे बिट्स पिलानी में नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस का कर्नल सुशील कुमार मुख्य पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान परिमंडल जयपुर एवं वी. रामगोपाल राव वाइस चांसलर बिट्स पिलानी द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों की गरिमामय उपस्थिति में विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। यह आधुनिक पोस्ट ऑफिस भारतीय डाक विभाग की जेन-जेड को डाकघरों से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस में उन्नत डिजिटल सुविधाएं, स्वचालित काउंटर प्रणाली, तेज और पारदर्शी सेवा व्यवस्था, आधुनिक इंटीरियर तथा ग्राहक अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। यहां डाक, पार्सल, स्पीड पोस्ट, बचत योजनाएं, बीमा सेवाएं और अन्य डाक संबंधी सेवाएं अधिक प्रभावी एवं सुगम रूप से प्रदान की जाएगी। यह पोस्ट ऑफिस पिलानी क्षेत्र के नागरिकों को समयबद्ध, सुरक्षित और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इससे डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस की परिकल्पना डाक आपके द्वार की भावना को साकार करने के उद्देश्य से की गई है। जिससे आम नागरिकों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। यह नया पोस्ट ऑफिस पिलानी के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा और डाक विभाग को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ बनाएगा।

### स्कूलें अब सोमवार से खुलेगी, कलेक्टर ने अवकाश बढ़ाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए सात जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया है। जबकि 11 जनवरी को रविवार होने के कारण अवकाश है। इसलिए अब स्कूलें सोमवार 12 जनवरी से खुलेगी। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए है। यह अवकाश केवल छात्र-छात्राओं के लिए लागू रहेगा। कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं पूर्ववत संचालित होंगी तथा विद्यालयों का समस्त स्टाफ विभागीय नियमानुसार विद्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करेगा। जिला प्रशासन ने जिले के सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि आदेश की अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जाए। आदेश की अवहेलना कर अवकाश अवधि में कक्षा संचालन पाए जाने पर संबंधित संस्था प्रधान के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में समिति के महासचिव डॉ. मनोज सिंह, झुंझुनूं लॉयंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत एवं समाजसेवी फैयाज अहमद खान नूआं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग को उनका स्वयं का एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर झुंझुनूं रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में झुंझुनूं रेलवे स्टेशन से बिसाऊ, मंड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, सालासर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकम्भरी एवं लोहार्गल आदि स्थानों तक नई रेल लाइनें बिछाकर झुंझुनूं को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग के साथ ही झुंझुनूं से होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, दिल्ली, हरिद्वार, श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा, उदयपुर सिटी एवं श्रीगंगानगर के लिए नई रेल सेवाएं संचालित करने की मांग की है।

### कृष्ण श्योराण को सम्मानित किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले की बुहाना तहसील के काजला ग्राम निवासी कृष्ण श्योराण ने जाट समाज के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जय यूनाइटेड संगठन दिल्ली द्वारा दिल्ली में आयोजित समारोह में देशभर से पधारे महानुभव की उपस्थिति में राजस्थान जाट समाज के प्रदेश सचिव व जेकेएसएफ के संस्थापक कृष्ण श्योराण को उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए लोक प्रेरणा उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार के यूनाइटेड द्वारा देश भर के 40 प्रतिभावान युवाओं में से एक को दिया जाता है। जिसने सामाजिक क्षेत्र में ऐसा धारण कार्य किया हो। कार्यक्रम में आईएएस युद्धवीर ख्यालिया, आईएएस ललित सिवाच, आईपीएस सीपी तेवतिया, कर्नल दिनेश चहल, कर्नल कैलाश समोता, मेजर प्रियव्रत सांगवान, कैप्टन प्रवीण दहिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### क्रिकेट खिलाड़ी गुनगुन सैनी का सम्मान

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान की महिला क्रिकेट टीम खिलाड़ी गुनगुन सैनी निवासी रेखावली ढाणी का एमपी में खेलकर लौटने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। गुनगुन सैनी पूर्व संरपच मदनलाल सैनी की पोती हैं। मोतीसिंह की ढाणी स्थित गुरुकृपा शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय खिलाडी गुनगुन सैनी को पार्षद प्रदीप कुमार सैनी व संस्थान के संरक्षक सीताराम सतरावला ने मोमेंटो प्रदान किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा खेल के लाभ जैसे सवाल पर खिलाड़ी गुनगुन ने कहा कि हम जितना पढने में रुचि रखते हैं। उतना ही खेलों में रखना शुरू कर दो। दिमाग का विकास उतनी ही तेजी से विकास करेगा। गुरूकृपा शिक्षण संस्थान के संचालक राजेश सैनी ने बताया कि बच्चों ने गुनगुन को उत्साह से फूल मालाएं पहनाई। युवा अनिल सैनी ने आभार जताया।

### सीकेआरडी आईटीआई में 67 का कैंपस प्लेसमेंट में चयन

**झुंझुनूं,** (निसं)। रिको स्थित सीकेआरडी आईटीआई में मंगलवार को कैंपस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया। जिसमें वायवा और बायोडेटा के आधार पर 67 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर दिए गए। जीनस पावर इंस्टाक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि सौरव राज एचआर मैनेजर ने नियुक्तियों के लिए आईटीआई में कैंपस का आयोजन किया। जिसमें 145 आईटीआई आवेदकों द्वारा अपना बायोडाटा कंपनी प्रतिनिधि के समक्ष पेश किए। इसमें से 67 को वायवा व बायोडाटा के आधार पर चयन कर कंपनी द्वारा ऑफर लेटर दिया गया।

### जनसुनवाई आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों विद्युत सप्लाई, विद्युत कनेक्शन, विद्युत मीटर, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, विद्युत ट्रांसफॉर्मर व लाइन, गलत वीसीआर से संबंधी के समाधान के लिए सात जनवरी को जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। अजमेर डिस्कॉम के एसई एमके टीबड़ा ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे अजमेर डिस्कॉम के एसई कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

# जरूरतमंदों को 120 कंबल बांटे

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने अपनी माता स्वर्गीय किरण देवी बोथरा पिता स्वर्गीय बाबूलाल बोथरा की स्मृति में गांव पंचायत आबडसर, छाजूसर में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को 120 कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आबडसर एवं छाजूसर में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरित किये गये।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, उपसरपंच धनराज सारस्वत, वीर विक्रम सिंह, ईशर नाथ, अर्जुन नाथ के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम में उपसरपंच धनराज सारस्वत ने कहा अपने माता-पिता की याद में जो पुत्र इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद परिवार जनों को जो कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार कर रहे हैं उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है।

भविष्य में भी इसी तरह छतर सिंह बोथरा परिवार जरूरतमंद परिवार जनों की सेवा करते रहे कार्यक्रम में युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने समिति के द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की जानकारी दी एवं भामाशाह छतर सिंह बोथरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार 3 वर्षों से प्रतिवर्ष जितनी कंबल जरूरतमंदों को चाहिए उनके द्वारा मदद की जा रही है।

उन्होंने छतर सिंह बोथरा परिवार का आभार जताया। कार्यक्रम में वीर विक्रम सिंह ने कहा बोथरा परिवार के द्वारा आबडसर ,छाजूसर के अंदर पहली बार कंबल वितरण का जो कार्यक्रम आयोजित किया है उसके लिए पूरे ग्राम वासियों की ओर से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर व तस्वीर देकर सम्मान किया।

जरूरतमंद महिला व पुरुषों ने छतर सिंह बोथरा का आभार जताया। कार्यक्रम में युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच, विनोद भाटिया, सीताराम गर्ग, शिव भगवान सोनी, हंसराज डेनवाल, रामसिंह, रामचंद्र सिंह, समुद्र सिंह, ईशर नाथ सिद्ध, मेघ नाथ सिद्ध राधेश्याम, कालू सिंह, पूर्ण सिंह, बद्री प्रसाद शर्मा, लालचंद शर्मा, हिरनाथ सिद्ध, रामप्रताप नाथ, सिद्ध, अर्जुन नाथ सिद्ध, कन्हैया लाल शर्मा, भागीरथ नाथ, रमेश गर्ग श्रवण सारस्वत सहित अनेकों ग्रामवासी उपस्थित थे।

# तारानगर शहर में तेंदुआ दिखने से हड़कंप, सीसीटीवी फुटेज वायरल

- प्रशासन ने सर्च अभियान शुरू किया
- पद चिन्हों के आधार तेंदुए की तलाश जारी है

**तारानगर** (निसं)। तारानगर शहर में सोमवार देर रात्रि के समय तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

तेंदुए की मौजूदगी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में तेंदुआ शहर की गलियों में घूमता नजर आ रहा है, जिससे लोगों में डर और सतर्कता दोनों बढ़ गई हैं।

सीसीटीवी सूचना मिलने पर चूरू उप वन सरंक्षक भवानीसिँह के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्र सिँह, सहायक वनपाल राजेंद्रसिँह, वनरक्षक सुनील बागड़ी सहित वन विभाग की टीम ने तुरंत सर्च अभियान शुरू कर दिया, संभावित इलाकों में गश्त बढ़ा दी गईऔर तेंदुए की लोकेशन ट्रैक करने के प्रयास किए गए।

वहीं शहर के लोग भी एक-दूसरे को सोशल मीडिया और मैसेज के जरिए सतर्क रहने की अपील की। कई मोहल्लों में लोगों ने रात में बाहर निकलने से बचने और बच्चों को घर के अंदर रखने की सलाह दी।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी तेंदुए की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना दें और स्वयं किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

प्रशासन ने यह भी कहा है कि अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा पद चिन्हों के आधार तेंदुए की तलाश जारी है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### नवनियुक्त कोषाध्यक्ष का स्वागत किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा हाल ही कुछ दिवस पूर्व की गई थी। जिसमें भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पद पर नवल खंडेलिया को नियुक्ति किए जाने पर उनका मंगलवार को श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं द्वारा संचालित बगड रोड स्थित नंदीशाला में गौभक्तों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस पर उपस्थित गौभक्त कमल केजडीवाल, सुनिल हलवाई चिडावा वाला, प्रदीप पाटोदिया, शंकरलाल जालान, श्यामसुंदर तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान ने नवल खंडेलिया का माल्यार्पण के साथ शॉल, साफा एवं दुपट्टा ओढाकर अभिनन्दन किया।

# चिड़ावा में अवैध परिवहन करते लकड़ियों से भरी पिकअप जब्त

**चिड़ावा** (निसं)। राजस्थान वन विभाग ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार, 5 जनवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। सीसीएफ जयपुर की फ्लाइंग टीम और चिड़ावा रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सुल्ताना-अरडावता रोड से अवैध लकड़ी परिवहन कर रही एक पिकअप को जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि नवलगढ़ से लकड़ी भरकर एक पिकअप अवैध रूप से हरियाणा ले जाई जा रही है। इस सूचना पर सीसीएफ फ्लाइंग के रेंजर सूरजमल और उनके स्टाफ के साथ चिड़ावा रेंजर सुमन व उनके स्टाफ ने सुल्ताना-अरडावता मार्ग पर नाकाबंदी की।

इस दौरान संदिग्ध पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई, तो उसमें अवैध लकड़ियां भरी पाई गई। चालक कर्मवीर, जो कि नवलगढ़ का निवासी है, मौके पर लकड़ी के परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

**टीम में शामिल सदस्य:-** इस सफल कार्रवाई में विभाग के निम्नलिखित सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। रेंजर सुमन (क्षेत्रीय वन अधिकारी, चिडावा) रेंजर सूरजमल (सीसीएफ फ्लाइंग, जयपुर) मुकेश कुमार (वनपाल) सुशीला रणवा (सहायक वनपाल) प्रकाश आनंद (फॉरेस्ट गार्ड) इस पूरी कार्रवाई के दौरान जिला विशेष टीम ( ) का भी विशेष सहयोग रहा, जिससे टीम को सफलता मिली।

## सार-समाचार

### चूरू में शीतलहर ने लोगों की धूजणी छुड़ाई

**चूरू** (निसं)। जिले में शीतलहर और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। मंगलवार को मौसम ने फिर करवट ली है और सुबह से ही कड़ाके की ठंड का शितम जारी है। पिछले दो दिनों से चूरू जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है, जिससे जनजीवन अत्यधिक प्रभावित हुआ है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही। कोहरे की दृश्यता 100 मीटर से भी कम दर्ज की गई। शीतलहर ने लोगों की धुजणी छुडाकर रख दी है। ठंड को देखते हुये जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार देर शाम कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की 10 जनवरी और कक्षा 6 से 8 तक विद्यार्थियों की 7 जनवरी तक अवकाश के आदेश दिये। सभी शिक्षा अधिकारियों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। आपको बता दें कि सुबह छाने वाला यह कोहरा खेतों में बारानी चने की फसल के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी एक सप्ताह तक कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट आने की संभावना है। मंगलवार को पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन भी नहीं हुये। लोगों की रोजमर्रा की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हुई। लोग दिनभर गर्म कपडों से लिपटे नजर आये। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 12.1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

### जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में मान नगर एरिया के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय महावीरप्रसाद तुलस्यान एवं स्वर्गीय पूर्णीदेवी तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र मुंबई प्रवासी शंकरलाल तुलस्यान एवं परिवारजन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर अतिथि महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सत्यदेव दडिया एवं एडवोकेट नरेश परसरामपुरिया का स्वागत श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल तुलस्यान, लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता एवं पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड द्वारा दुपट्टा एवं साफा ओढाकर माल्यार्पण के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

### जिला कलेक्टर का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव प्रेम कटेवा, जिलाध्यक्ष संतोष चौधरी एवं जिला संरक्षक सुभिता पूनियां के नेतृत्व में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष रेणू कस्वां, महासचिव मंजू महला, सचिव चंद्रकला भांबू, उपाध्यक्ष शारदा देवी, संयुक्त सचिव अन्नू चौधरी, महासचिव सपना बाबल, सचिव सुनिता देवी एवं उपाध्यक्ष सिलोचना जगतसिंह ने मिठाई खिलाकर नववर्ष की बधाई देकर जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग को सम्मानित किया।

### विभिन्न खेलों का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय हरनाथपुरा नूआं में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर कार्यक्रम के छठे दिन महाविद्यालय मे स्वयंसेविकाओं ने पुष्प गुच्छ बनाए और विभिन्न खेलों का आयोजन कर माहौल को खुशनुमा बना दिया।

# बेटी सशक्त होगी तभी समाज समृद्ध बनेगा : डॉ. शंभू पंवार

- पौत्री के जन्मदिन पर गौ माताओं को गुड़ खिलाया

**चिड़ावा,** (निसं)। बेटियां ईश्वर की कोमल नेमत हैं। वे केवल परिवार की शान ही नहीं, बल्कि समाज की नैतिक और सांस्कृतिक शक्ति भी हैं। जिस घर में बेटी होती है, वहां संवेदना, संस्कार और समृद्धि स्वत: प्रवेश कर जाती है। इसलिए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और संस्कार देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह विचार वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार-विचारक एवं धरा गवर्नर डॉ. शंभू पंवार ने श्री कृष्ण गौशाला चिडावा में व्यक्त किए। वे अपनी सुपौत्री यशस्वी के जन्मदिन पर गौमाताओं को गुड़ खिलाने आए थे। उन्होंने कहा कि बेटी के शिक्षित होने से केवल एक परिवार नहीं, बल्कि दो पीढ़ियां सशक्त होती हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। डॉ. पंवार ने कहा कि आज का समय बदल चुका है। आधुनिक परिवेश में बेटियां शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, साहित्य, खेल, राजनीति और सामाजिक सेवा-हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। वे किसी भी दृष्टि से बेटों से कम नहीं हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि समाज की सोच बदले और बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले। साथ ही उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वर्तमान समय में हमें अपने बेटों को भी नारी सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक संस्कारों की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. पंवार ने कहा कि संस्कार केवल उपदेश से नहीं, आचरण से पनपते हैं। जब परिवार स्वयं सामाजिक और मानवीय मूल्यों को अपनाता है। तभी नई पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ती है।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े गौसेवक डॉ. शंभू पंवार अपने जीवन में सेवा, संवेदना और संस्कार को निरंतर व्यवहार में उतारते रहे हैं। वे अपने ओर परिवार के सदस्यों के जन्मदिन और अपने माता पिता की पुण्य तिथि के अवसर पर गौमाताओं को गुड़, दलिया, आहार खिलाते है। गौ सेवा एवं सामाजिक मूल्यों के संदेश के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर यशस्वी, यशु, सुभाष पंवार, अभिषेक पंवार, चंदन पंवार ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

### दो नाबालिग बच्चों को मिला संरक्षण

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के मुकुंदगढ़ थाना इलाके के चूडी चतरपुरा वार्ड संख्या तीन में दो नाबालिग भाई-बहन के साथ हो रही उपेक्षा एवं अमानवीय परिस्थितियों के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को जिला एवं सत्र न्यायालय झुंझुनूं द्वारा अग्रेषित किए जाने के पश्चात सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मामले की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लिया। बिना किसी विलंब के प्रकरण को नियमानुसार चाइल्ड हैल्पलाइन व जिला बाल संरक्षण इकाई को अग्रेषित कर स्पष्ट निर्देश दिए कि नाबालिग बच्चों के हित में तत्काल कार्यवाही की जाए तथा अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डालसा की इस पहल के परिणामस्वरूप बाल कल्याण समिति द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत आवश्यक आदेश पारित किए गए।

### सीवरेज पाइप लीकेज से बुरा हाल

**चिड़ावा** (निसं)। कस्बे के अंबिका नगर क्षेत्र में पिछले काफी समय से सीवरेज की समस्या गहराती जा रही है। मंड्रेला रोड स्थित पानी की टंकी के पास सीवरेज पाइपलाइन से हो रहे गंदे पानी के रिसाव ने स्थानीय निवासियों और दुकानदारों का जीना मुहाल कर दिया है। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर आज क्षेत्र के लोगों ने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है।

# खेलकूद व सांस्कृतिक सप्ताह के तहत छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। सेठ नेतराम मगराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में दो जनवरी से चल रहे खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को एकल नृत्य एवं समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रामकुमार सिंह ने की। प्राचार्य प्रो. रामकुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं रचनात्मक कौशल का विकास होता है। उन्होंने छात्राओं को पढाई के साथ-साथ सह शैक्षिणक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. सिद्धी जोशी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है तथा मंच से जुड़ाव आत्म-अभिव्यक्ति को सशक्त बनाता है। एकल नृत्य प्रतियोगिता में पलक शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका एवं आरती ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा इशू, यतिका यादव एवं इशिता वर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं समूह गायन प्रतियोगिता में चमन प्रकाश एवं खुशी सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोनिका, यतिका, पायल एवं ज्योति समूह ने द्वितीय तथा जया एवं पल्लवी समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सहायक आचार्य सुनिता, मनीषा यादव एवं अश्विनी वालिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# नगर कांग्रेस कमेटी नीमकाथाना की कार्यकारिणी घोषित

- विधायक सुरेश मोदी ने पदाधिकारियों का सम्मान किया

**पाटन** (निसं)। मंगलवार को नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के आवास पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर कांग्रेस कमेटी नीमकाथाना की नवीन कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर विधायक मोदी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर बलदेव यादव को नियुक्त किया गया।

महासचिव (संगठन) श्रवण शर्मा, उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, शिवपाल भाटी, अशोक ढिलाण, रमेश जोशी, धनीराम भिहारा को बनाया गया।महासचिव पद पर ग्यारसीलाल बंजारा, राजेन्द्र वर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, सुभाष सिंघल, आशिष कुमावत को जिम्मेदारी दी गई।सचिव पद पर रामजीलाल सैनी, नितेश कुमार गोयल, ईद मोहम्मद, राजेन्द्र मीणा, अजय कुमार गोयल, शेर सिंह सैनी, कैलाश चंद सैनी, रणजीत वर्मा, मदनलाल, जयचंद डांगी को नियुक्त किया गया।प्रवक्ता के रूप में लालचंद तथा सोशल मीडिया सदस्य के रूप में विष्णु कुमार अग्रवाल को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में इदु खां, रामसिंह जाट, शम्भू दयाल, जगदीश प्रसाद सैनी, रामस्वरूप मीणा, धर्मपाल सैनी, राकेश जांगिड़ को शामिल किया गया है।

इस अवसर पर विधायक मोदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से कांग्रेस पार्टी को एकजुट रखते हुए संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर संघर्षरत रहने का आव्हान किया।

विधायक मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर कांग्रेस कमेटी नीमकाथाना की नई कार्यकारिणी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और नई टीम से अपेक्षा है कि वह जनता की समस्याओं को पूरी मजबूती से उठाएगी।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि यह नई कार्यकारिणी आने वाले समय में नगर कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नव-नियुक्त कार्यकारिणी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

### वर्धमान स्कूल में खेल सप्ताह का आगाज

**सीकर,** (निसं)। वर्धमान विद्या विहार में 06 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 6 जनवरी 2026 को संस्था की प्रबंध कार्यकारणी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया संस्था के सह सचिव रितेश रारा ने बताया कि इस खेल सप्ताह में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगितायों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमे भाग लेकर बच्चे खेलो के प्रति रुचि एवं अपनी प्रतिभा दिखायेंगे।

संस्था सचिव संजय संगही ने बताया कि इस खेल आयोजन में खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, शतरंज, बेडमिंटन, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड, कैरम, बाधा दौड़ के साथ साथ विद्यार्थियों के लिए अन्य कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। 10 जनवरी को खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह मनाया जायेगा जिसमें विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जायेगा।


| | |
|---|---|
| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

माघ 26, शनिवार, शाके 1946-फरवी 15